जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

1 जून, 2023

प्रेस विज्ञप्ति

# जामिया में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह में 'टेक्नोलॉजी और ई-वेस्ट मैनेजमेंट' एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग ने 31 मई 2023 को डॉ अन्वेषा बोरठाकुर द्वारा 'टेक्नोलॉजी और ई-वेस्ट मैनेजमेंट' पर एक ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। डॉ. अन्वेषा, मैरी स्कोलोडोव्स्का क्यूरी पोस्टडॉक्टोरल फेलो, जो वर्तमान में कैथोलिएके यूनिवर्सिटिट ल्यूवेन (केयू ल्यूवेन), बेल्जियम में एक शोधकर्ता के रूप में काम कर रही हैं, उन्होंने यह व्याख्यान दिया। उन्होंने एक दशक से अधिक समय से ई-वेस्ट मैनेजमेंट और नीतियों पर काम किया है। वह टेक्सटाइल लाइफसाईकल के सभी तीन चरणों- उत्पादन, खपत और निपटान पर विचार करते हुए एक सर्कुलर की दिशा में टेक्सटाइल अपशिष्ट प्रबंधन पर भी काम कर रही हैं।

सत्र के सदस्यों का स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. बशीर आलम ने किया जिन्होंने सत्र का आमंत्रण स्वीकार करने के लिए डॉ. अन्वेषा का आभार व्यक्त किया।

सत्र में, डॉ अन्वेषा ने दुनिया में, विशेष रूप से भारतीय उपमहाद्वीप में ई-कचरे की समस्या की वर्तमान स्थिति की चर्चा की। उनकी बात ने औद्योगिक और साथ ही सामाजिक कारकों पर प्रकाश डाला जो इस मुद्दे को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने इस समस्या का मुकाबला करने के लिए विभिन्न देशों में सरकार के स्तर पर की जा रही नीतियों और प्रयासों की भी जानकारी दी।

व्याख्यान में विभाग के पीएचडी, स्नातकोत्तर के साथ-साथ स्नातक के छात्रों ने भी भाग लिया। सत्र बहुत ही संवादात्मक रहा क्योंकि श्रोताओं द्वारा कई प्रश्न भी उठाए गए।

सत्र का समापन मीटिंग के समन्वयक डॉ. सरफराज मसूद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया